विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुर शाह जफ़र मार्ग
नई दिल्ली–110 002
वेबसाइट : **www.ugc.ac in**

12वीं योजना अवधि में
स्वशासी महाविद्यालयों के लिए दिशानिर्देश
(2012–2017)

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

बारहवीं योजना के दिशानिर्देश

स्वशासी महाविद्यालयों की योजना

1. प्रस्तावना

स्वशासी महाविद्यालयों के महत्व को विशिष्ट रूप से अभिव्यक्त करने के साथ ही भारतवर्ष में उच्चतर शिक्षा संबंधी बारहवीं योजना में उसके विशाल रूप के विषय में यूजीसी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज में स्पष्टतः कहा गया है किः ''स्नातकपूर्व शिक्षा की गुणवत्ता का सर्वाधिक सुरक्षित एवं श्रेष्ठ उपाय, अधिकांश महाविद्यालयों को सह संबंद्वता संरचना से उन्हें अलग करना है। अकादमिक एवं संचलन की स्वतंत्रता से युक्त महाविद्यालय अधिक श्रेष्ठ रूप से सक्रिय हैं तथा उनकी विश्वसनीयता बहुत अधिक है। ऐसे महाविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने से स्वशासी होने की संकल्पना को बढ़ावा मिलता है।'' यह प्रस्तावित किया गया है कि स्वशासी महाविद्यालयों की संख्या को बढ़ाया जाए जिससे स्वायत्तता की संस्कृति का प्रसार हो तथा पात्र महाविद्यालयों में से दस प्रतिशत महाविद्यालयों को बारहवीं योजना अवधि के अंत तक स्वशासी बनाया जा सके।

स्वायत्तता की आवश्यकता

महाविद्यालयों को सहसंबंद्ध करने की प्रणाली मूलतः उस समय रूपांकित की गई थी जबकि किसी महाविद्यालय में उनकी संख्या बहुत कम थी। उस स्थिति में विश्वविद्यालय, महाविद्यालयों के क्रियान्वयन का प्रभावी रूप से परीवीक्षण करने की स्थिति में होता था, एक परीक्षण निकाय के रूप में रहकर उनकी ओर से डिग्रियाँ प्रदान करता था। यह प्रणाली अब बोझिल हो गई है तथा महाविद्यालयों की निजी एवं विभिन्न आवश्यकताओं पर ध्यान देना किसी भी विश्वविद्यालय के लिए उत्तरोत्तर कठिन होता जा रहा है। महाविद्यालय अपनी पाठ्यचर्याओं को अद्यतन करने अथवा उन्हें स्थानीय रूप से और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए स्वतंत्र नही हैं। विश्वविद्यालय के विनियम एवं उनकी प्रचलित सामान्य प्रणाली जिसके द्वारा सभी महाविद्यालय समान रूप से अभिशासित हैं, बावजूद उनकी विशिष्ठ सशक्त विशिष्टताओं, उनकी दुर्बलताओं एवं अवस्थितियों के ऐसी प्रणाली ने विभिन्न महाविद्यालयों के अकादमिक विकास को दुष्प्रभावित किया है ऐसे महाविद्यालय जिनके पास उच्च स्तरीय पाठ्यक्रम प्रस्तुत करने की क्षमता है परंतु उनके पास उन पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता नहीं है। वर्ष 1964–66 के शिक्षा आयोग ने यह बात उठाई थी, शिक्षकों द्वारा अकादमिक स्वतंत्रता क्रियान्वित करना, यह बात हमारे देश के बौद्धिक वैचारिक वातावरण के विकास के लिए निर्णायक रूप से आवश्यक है। जब तक यह वातावरण विद्यमान नहीं होगा, तब तक हमारी उच्चतर शिक्षा प्रणाली में उत्कृष्टता उपलब्ध कर पाना कठिन है।

जैसा कि उच्चतर शिक्षा में गुणवत्ता को संवर्धित करने में छात्र, शिक्षक एवं प्रबंधन सहभागी के रूप में बने होते हैं, वही यह अत्यावश्यक है कि वे इस बड़े उत्तरदायित्व में सहभागिता करें। अतः शिक्षा आयोग (1964–66) ने महाविद्यालय स्वायत्ता की अनुशंसा की जो कि सारांशतः अकादमिक उत्कृष्टता प्रोन्नत करने का साधन है।

2. उद्देश्य

अ. शिक्षा संबंधी राष्ट्रीय नीति (1986–92) ने स्वशासी महाविद्यालयों के लिए निम्न उद्देश्य सूत्रबद्ध किए। किसी भी स्वशासी महाविद्यालय को निम्न की स्वतंत्रता होगीः–

- अपने अध्ययन संबंधी पाठ्यक्रम एवं पाठ्यविवरण निर्धारित एवं विहित करना, एवं स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों को पुर्नगठित एवं पुनः रूपांकित करना; एवं
- राज्य सरकार की आरक्षण नीति के अनुसार प्रवेश के लिए नियम निर्धारित करना;
- छात्रों, उनके निष्पादन तथा परीक्षाओं के संचालन एवं परिणामों को अधिसूचित करने की विधियों को विकसित करना;
- अधिक उच्च मानकों एवं अधिक सृजनात्मकता प्राप्त करने के लिए शैक्षिक तकनीकों के अद्यतन उपकरण/विधियों का उपयोग करना; एवं
- समस्त समाज एवं परिवेश से जुड़े पाठ्यक्रमों के हित में, सामुदायिक सेवाएँ, विस्तारण गतिविधियाँ एवं परियोजनाओं जैसी स्वस्थ्य क्रियाओं को प्रोन्नत करना।

ब. मूल विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं अन्य शैक्षिक संस्थानों के साथ संबंधः

स्वशासी महाविद्यालय, अपनी पाठ्यचर्या सृजित करने, अध्यापन परीक्षा एवं मूल्यांकन की विधियाँ कल्पित करने के लिए, विश्वविद्यालय विभागों एवं अन्य संस्थानों की विशेषज्ञता के उपयोग करने के प्रति स्वतंत्र है। (निजी एवं सरकारी महाविद्यालयों के लिए) वे वर्तमान प्रणालियों के अनुसार अपने शिक्षकों की भर्ती कर सकते हैं।

मूल विश्वविद्यालय, अपने स्वशासी महाविद्यालयों की अध्यापन, परीक्षाओं के मूल्यांकन एवं पाठ्यक्रम पाठ्यविवरण की प्रणालियों को मान्यता देगा। महाविद्यालयों द्वारा उनके अकादमिक पाठ्यक्रमों को विकसित करने में, संकाय में सुधार करने तथा महाविद्यालयों के विभिन्न निकायों के विचार–विमर्श में भागीदारी द्वारा भी वह विश्वविद्यालय उन महाविद्यालयों को सहायता प्रदान करेगा।

<u>मूल विश्वविद्यालय की भूमिका होगीः</u>

- अपने अंतर्गत और अधिक स्वशासी महाविद्यालयों को लाना;
- नवोन्मेषी अकादमिक पाठ्यक्रमों को प्रस्तावित करने के लिए प्रोत्साहन द्वारा स्वशासी महाविद्यालयों में अकादमिक स्वतंत्रता को प्रोन्नत करना;

- नवीन अध्ययन पाठ्यक्रम सुलभ कराना, जो कि आवश्यक अनुदेश, विषयवस्तु एवं मानकों के न्यूनतम घंटों के अधीन होगा;
- उन्हें अपने अनंतिम, प्रवसन एवं अन्य प्रमाण पत्र जारी करने की अनुमति प्रदान करे;
- स्वायत्तता की भावना पोषित करने के लिए यथासंभव सभी प्रयास करना;
- यह सुनिश्चित करना कि जारी की गई डिग्रियों/डिप्लोमा/प्रमाणपत्रों में उस महाविद्यालय का नाम अंकित है;
- स्वशासी महाविद्यालयों की विभिन्न समितियों की सेवार्थ विश्वविद्यालय के विभिन्न नामितों की प्रतिनियुक्ति करना तथा उनके प्रकार्यों पर प्रतिपुष्टि प्राप्त करना; तथा
- स्वशासी महाविद्यालयों के निर्विघ्न क्रियान्वयन को सुलभ कराने के लिए यथा आवश्यक पृथक खण्डों का सृजन करना।

<u>राज्य सरकार स्वशासी महाविद्यालयों को निम्न के द्वारा सहायता प्रदान करेगी:</u>

- यथासंभव शिक्षकों के स्थानांतरण न करें – विशेषकार ऐसे महाविद्यालयों में जहाँ अकादमिक नवोन्मेषी एवं सुधारात्मक प्रगति पर है – अतिरिक्त आवश्यकता आधारित स्थानांतरणों के;
- पुनरीक्षण समिति रिपोर्ट के निर्धारित 90 दिनों की अवधि के भीतर प्राप्त होने के बाद किसी भी महाविद्यालय की स्वायत्तता के विस्तारण हेतु अपनी सहमति आयोग को भेजना तथा ऐसा न हो पाने की स्थिति में यह निष्कर्ष निकाला जाएगा कि उस महाविद्यालय को स्वशासी रूप से बने रहने में राज्य सरकार को कोई आपत्ति नहीं है;
- सरकारी महाविद्यालयों एवं ऐसे अन्य निकाय जहाँ पर भी उनके नामितों को शामिल किया जाना है, उनके शासी निकायों पर नामितों की प्रतिनियुक्ति नियत समय पर करना;
- मूल विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं यूजीसी, यह तीनों निवेशकर्ताओं को सच्चे मन एवं पूरी आस्था से एक अत्यंत सद्भावनापूर्ण एवं सक्रिय सहभागी भूमिका निभानी होगी।

स. स्वशासी स्तर प्रदान करना:

संस्थान को प्रदान की गई स्वायत्तता संस्थागत है तथा इसमें समस्त स्नातकपूर्व (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी), डिप्लोमा, एम.फिल. स्तर के पाठ्यक्रम आवृत्त होंगे जिन्हें उस संस्थान द्वारा स्वशासी स्तर प्रदान किए जाने के समय संस्थान द्वारा संचालित किया जा रहा था। इसके साथ ही ऐसे समस्त पाठ्यक्रम, जिन्हें संस्थान द्वारा स्वशासी स्तर प्रदान करने के पश्चात प्रस्तावित किया गया था, वे भी स्वतः इस स्वायत्तता के अंतर्गत आवृत्त हो जाएँगे। किसी भी संस्थान को आंशिक

स्वायत्तता प्रदान नहीं की जा सकती है।

ऐसे महाविद्यालय जो स्वशासी हैं तथा कुछ अन्य महाविद्यालय जो यह स्तर मांग रहे हैं, ऐसे समस्त महाविद्यालयों में प्रस्तुत किए जा रहे प्रमाण–पत्र, डिप्लोमा, स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर एवं एम.फिल. पाठ्यक्रम उस स्वशासी स्तर में आवृत्त होंगें। मूल विश्वविद्यालय, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्वीकृति से किसी भी स्थायी सहसंबद्धता प्राप्त महाविद्यालय को स्वायतता का स्तर प्रदान कर सकता है। एक बार स्वायत्तता स्वीकृत होने के पश्चात, वह विश्वविद्यालय उस स्वशासी महाविद्यालय के छात्रों को उन डिग्रियों को प्रदान करने के लिए मान्यता देगा, जिन डिग्रियों की अनुशंसा स्वशासी महाविद्यालय द्वारा की गई है। सहसंबद्ध महाविद्यालयों को स्वायत्तता स्वीकृत करने के लिए, विश्वविद्यालयों के अधिनियम एवं अध्यादेशों को संशोधित किया जाना चाहिए। स्वायत्तता प्रदान करने से पूर्व विश्वविद्यालय सुनिश्चित करेगा कि आवेदनकर्ता महाविद्यालय की प्रबंधात्मक संरचना पर्याप्त रूप से सहभागी है तथा अकादमिशियनों द्वारा सृजनात्मक योगदान के लिए उन्हें यथेष्ट सुअवसर उपलब्ध कराता है।

3. लक्ष्यपरक वर्ग एवं पात्रता लक्ष्यपरक वर्गः

ऐसे समस्त महाविद्यालय जो अनुच्छेद 2 (एफ) में हैं, सहायता प्राप्त हैं, सहायता प्राप्त नहीं हैं, आंशिक रूप में सहायता प्राप्तकर्ता है तथा जो स्व–वित्त पोषित हैं जो यूजीसी अधिनियम की धारा 12 (बी) के अंतर्गत आवृत नहीं हैं वे सभी स्वायत्तता स्तर के आवेदन के लिए पात्र हैं। इनमें इंजीनियरिंग महाविद्यालय भी सम्मिलित हैं।

स्वायत्तता स्वीकृति हेतु संस्थानों की पहचान के मानदण्डः

अ. विश्वविद्यालयी स्तर की परीक्षाओं में गत समय में निष्पादन, उसकी ख्याति एवं गत समय में इसकी अकादमिक/सह–पाठ्यचर्या/विस्तारण संबंधी गतिविधियाँ।

ब. संकाय की अकादमिक/विस्तारण उपलब्धियाँ।

स. इस संदर्भ में सांविधिक अनिवार्यताओं के अधीन छात्रों एवं शिक्षकों के चयन में गुणवत्ता एवं योग्यता।

द. अवसंरचना की पर्याप्तता–उदाहरणार्थ पुस्तकालय, उपकरण, अकादमिक गतिविधियों आदि के लिए स्थान।

ड. संस्थागत प्रबंधन की गुणवत्ता/संस्थान के विकास के लिए प्रबंधन/राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए वित्तीय संसाधन।

छ. प्रशासनिक संरचना द्वारा अनुक्रिया (h) नवोन्मेषी सुधारों की प्रोन्नति के लिए संकाय की अभिप्रेरणा एवं उसे सम्मिलित करना।

ज. ऐसे स्व–वित्त पोषित महाविद्यालय जो न्यूनतम दस वर्षों से विद्यमान हैं वे भी स्वायत्तता के लिए आवदेन कर सकते हैं। तथापि, स्वायत्तता प्रदान किए जाने पर वे स्वायत्तता से जुड़े अनुदान प्राप्त करने के हकदार नही होंगे। उन्हें भी उसी

प्रणाली का अनुसरण करना होगा जैसा कि अन्य महाविद्यालयों के लिए अनुप्रयोज्य है।

झ. (i) गैर सहायता प्राप्त/सहायता प्राप्त महाविद्यालय न्यूनतम 10 वर्ष पूर्व अस्तित्व में आए हों तथा एन.ए.ए.सी./एन.बी.ए. द्वारा प्रत्यायित हों। आगे से गैर–प्रत्यायित महाविद्यालय स्वायत्तता के लिए पात्र नहीं होंगे तथा मौजूदा महाविद्यालयों को एक वर्ष के भीतर प्रत्यायन प्राप्त करने के लिए कहा जाएगा।

(ii) एन.ए.ए.सी. द्वारा प्रत्यायित महाविद्यालयों के पास न्यूनतम ''बी'' श्रेणी प्रत्यायन होना चाहिए। इसके साथ ही आयोग ने निर्णय लिया कि इंजीनियरिंग/तकनीकी/प्रबंधन महाविद्यालय की स्वायत्तता के पुनः विस्तारण से जुड़े, प्रस्तावों पर विचार करते समय न्यूनतम तीन पाठ्यक्रमों के लिए एन.बी.ए. के प्रत्यायन के लिए आग्रह किया जाए। तथापि एकल संकाय युक्त संस्थानों के लिए केवल एक वर्ष का ही आग्रह किया जाए–यदि स्वायत्तता की अवधि के पुनः विस्तारण के लिए उन्हें विचाराधीन रखा गया हो।

(iii) जहाँ एक ओर एन.ए.ए.सी/एन.बी.ए. अनिवार्य है, वहीं दूसरी ओर जिन संस्थानो का मूल्यांकन एन.बी.ए. द्वारा किया जा चुका है, वे दो वर्ष के भीतर एन.ए.ए.सी. प्रत्यायन के लिए आवेदन करें।

(iv) ऐसे समस्त महाविद्यालय जो पहले से ही प्रत्यायित थे तथा जिनका प्रत्यायित स्वरूप समाप्त हो चुका है, परंतु जिन्होंने एन.बी.ए./एन.ए.ए.सी. प्रत्यायन के लिए आवेदन किया है, उन्हें नवीन/स्वशासी स्तर/विस्तारण स्वीकृत किया जाना चाहिए।

(v) संघटक महाविद्यालयों को स्वायत्तता स्वीकृत किए जाने के उद्देश्य से उन्हें एन.ए.ए.सी. द्वारा पृथक प्रत्यायन प्रक्रिया का पालन करना चाहिए–केवल उसी स्थिति में यदि एन.ए.ए.सी. रिपोर्ट में उन संघटक महाविद्यालयों के नाम विशेष रूप से दर्शाये गए हों जो मूल विश्वविद्यालय के प्रत्यायन के साथ–साथ आवृत्त थे।

i. शिक्षा, इंजीनियरिंग–प्रौधौगिकी, प्रबंधन एवं शारीरिक शिक्षा इत्यादि विषयों में जो महाविद्यालय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएँगे, वे भी आयोग से अनुदान प्राप्त करने के पात्र होंगे। ऐसे अनुदान इस बात पर निर्भर होंगे कि इन महाविद्यालयों द्वारा स्वायत्तता स्तर प्राप्त कर लेने के पश्चात उनके विकास का स्वरूप एवं स्तर कैसा है।

4. स्वायत्तता के लिए आवेदन करने से पूर्व की तैयारीः

<u>किसी महाविद्यालय को स्वायत्तता हेतु तैयार करनाः</u>

यदि किसी महाविद्यालय की स्वायत्तता का सफलतापूर्ण क्रियान्वयन किया जाना है तो कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहाँ उपयुक्त तैयारी की आवश्यकता है। वे हैः संकाय की तैयारी, विभागीय तैयारी, संस्थागत तैयारी एवं छात्रों तथा स्थानीय समुदाय की तैयारी। यह

बहुआयामी तैयारी, स्वायत्तता माँगे जाने से बहुत पहले तथा महाविद्यालय को प्रदान किए जाने से पूर्व ही की जानी चाहिए ताकि जिस नए दायित्व को सँभालने के लिए उन्हें कहा गया है उसके प्रति महाविद्यालय के समुदाय का कोई अंश अप्रस्तुत न पाया जाए।

संकाय की तैयारीः

प्रारंभ से ही महाविद्यालय के स्टाफ को विचार–विमर्श एवं संयोजन प्रक्रियाओं में संलिप्त किया जाना अनिवार्य है स्टाफ को स्वायत्तता की इस संकल्पना इसके उद्देश्यों एवं तर्काधार से परिचित होने के लिए संगोष्ठियाँ, कार्यशालाएँ एवं परामर्श संयोजित किए जाएँ। (इसके द्वारा उन्हें निर्णय लेने की क्रिया में भागीदारी की भावना प्राप्त होगी तथा समस्त प्रक्रिया में संलिप्त होने की प्रेरणा मिलेगी)। महाविद्यालय के अकादमिक कलैण्डर (समय सारणी) के अंश के रूप में भी हो सकता है।

विभागीय तैयारीः

विभाग का एक महत्वपूर्ण दायित्व, प्रधान एवं संबंद्ध विषयों में उपयुक्त पाठ्यक्रम रूपांकित करना, नए अध्ययन पाठ्यक्रम प्रस्तावित करना, अप्रयुक्त पाठ्यक्रमों की विषयवस्तु परिवर्तित करके, वर्तमान पाठ्यक्रमों को अद्यतन करके तथा जो प्रत्येक विषय में वर्तमान कलात्मक स्थिति के साथ सुमेलित हो तथा पाठ्यक्रम सामग्री एवं मानव संसाधनों को तैयार करना है। यह समस्त कार्य स्वायत्तता संबंधी सामान्य लक्ष्यों एवं शैक्षिक संस्थानों के विशिष्ट उद्देश्यों के परिप्रेक्ष्य में किया जाएगा।

अंगीकार किए जाने वाले सामान्य कार्यक्रम हैंः

अ. अध्ययन का सत्रीय स्वरूप
ब. निरंतर आंतरिक आकलन
स. क्रेडिट/ग्रेड प्रणाली
ड. छात्र प्रतिपुष्टि
च. शिक्षकों द्वारा स्व–मूल्यांकन

संस्थागत तैयारीः

क्योंकि किसी भी स्वशासी महाविद्यालय को ऐसे कुछ प्रकार्य निष्पादित करने के लिए कहा जाएगा, जिन्हें विश्वविद्यालय द्वारा अब तक निष्पादित किया गया है, अतः उस स्वशासी महाविद्यालय को, ऐसे परिवर्तन के अकादमिक, प्रशासनिक/प्रबंधन एवं वित्तीय निहितार्थों का अध्ययन करना चाहिए तथा अपने नवीन प्रकार्यों को कुशलतापूर्ण ढ़ंग से निपटाने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए।

5. नवीन स्वशासी स्तर के लिए आवेदन प्रक्रियाः

नवीन स्वशासी स्तर हेतु पात्र महाविद्यालय वर्ष पर्यन्त, निर्धारित प्रारूप में (संलग्नक–I) आवेदन कर सकते हैं।

5. (अ) स्वशासी स्तर के विस्तारण के लिए आवेदन की विधिः

ऐसा महाविद्यालय जिसका स्वशासी स्तर समाप्त होने वाला है, उसे अपने इस स्तर के विस्तारण के लिए निर्धारित प्रारूप में (संलग्नक–II) यूजीसी को आवेदन भेजना चाहिए।

6. यूजीसी द्वारा स्वीकृति प्रदान करने की विधिः

''समस्त नवीन प्रस्तावों के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की जाए जिसमें विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व तथा राज्य सरकार के नामित हों। प्रत्येक प्रस्ताव के तात्कालिक निरीक्षण हेतु प्रत्येक प्रस्ताव की विचारणा के लिए अध्यक्ष, यूजीसी एक विशेषज्ञ समिति गठित करेंगे तथा परीवीक्षण समिति की मौजूदा प्रणाली भंग कर दी जाए।''

नवीन स्वशासी स्तर प्रदान करने तथा महाविद्यालयों को स्वायत्तता विस्तारण प्रदान करने के लिए आयोग के अध्यक्ष 3–4 सदस्यों की एक स्थायी समिति गठित करेंगें जो उन अनुशंसाओं को आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व उस विशेषज्ञ समिति की अनुशंसाओं का अध्ययन करेंगें। रिपोर्टों में यदि कोई विसंगतियों की जानकारी आयोग को दी जानी चाहिए।

विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों एवं संबंद्ध राज्य सरकार की स्वीकृति अनुसार जब यूजीसी द्वारा एक बारगी स्वायत्तता स्वीकृत कर ली जाती है तो विश्वविद्यालय इस आशय की एक अधिसूचना 3 (तीन) माह की अवधि के भीतर जारी करेगा। स्वायत्तता प्रारंभिक रूप में 6 वर्ष की अवधि के लिए प्रदान की जाएगी।

7. सहायता का स्वरूपः

<u>वित्तीय सहायता का प्रतिमान एवं अन्य समर्थन प्रदानकारी प्रावधान</u>

स्वशासी महाविद्यालयों द्वारा उनकी अतिरिक्त एवं विशेष जरूरतों की पूर्ति के लिए आयोग सहायता उपलब्ध कराएगा।

- अतिथि/विजिटिंग संकाय
- शिक्षकों का अभिविन्यास एवं पुनः प्रशिक्षण
- अध्यापन/अधिगम सामग्री के पाठ्यक्रमों का पुनः रूपांकन एवं विकास
- कार्यशालाएँ एवं संगोष्ठियाँ
- परीक्षाओं में सुधार
- कार्यालय उपकरण, अध्यापन सहायक यंत्र एवं प्रयोगशाला उपकरण
- कार्यालय, कक्षाओं, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं के लिए फर्नीचर
- पुस्तकालय उपकरण, पुस्तकें/पत्रिकाएँ

- शासी निकाय एवं समितियों की बैठकों पर किया जाने वाला व्यय
- परीक्षा नियंत्रक (पूर्ण कालिक) का मानदेय जो रू0 8,000/– प्रति माह से अधिक न हो
- प्रत्यायन (एन.ए.ए.सी.) शुल्क
- नवीनीकरण एवं मरम्मतें–जो किसी नवीन भवन निर्माण से संबंद्ध न हों
- विस्तारण गतिविधियाँ

स्वायत्तता अनुदान की उपयोगिता के लिए निम्न मार्गदर्शक सिद्धांत होंगेः–

- पदों के सृजन, महाविद्यालय के किसी स्टाफ सदस्य के वेतन का भुगतान, मौजूदा स्टाफ को मानदेय भुगतान (धारा [x] उपरोक्त के अतिरिक्त), महाविद्यालय की सामान्य आकस्मिक जरूरत के लिए अथवा आर्थिक सहायता प्राप्त पदों के लिए, स्वायत्तता अनुदान का उपयोग नहीं किया जा सकता है।
- परीक्षा शुल्क इस प्रकार से नियत किया जाए ताकि शुल्क से प्राप्त आय द्वारा परीक्षाओं पर एवं परीक्षा प्रकोष्ठ में नियुक्त स्टाफ सदस्यों पर किये जाने वाले व्यय की आपूर्ति की जा सके।

- सामान्य सहायता का उच्चतमांक निम्नवत होगाः

क्र.सं.	संस्थान का स्वरूप	अनुदान राशि रू. में
अ.	केवल स्नातक पूर्वः 1. कला/विज्ञान/वाणिज्य–एकल संकाय मात्र	9,00,000/–
	2. कला/विज्ञान/वाणिज्य–एक से अधिक संकाय	15,00,000/–
ब.	स्नातक पूर्व एवं स्नातकोत्तर स्तरों परः 1. एक संकाय	10,00,000/–
	2. बहु–संकाय	20,00,000/–

अकादमिक वर्ष 2013–2014 से लेकर एन.सी.सी. को एक चयनित विषय के रूप में प्रस्तावित करने के लिए स्वशासी महाविद्यायलों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता में अभिवृद्धि

क्र.सं.	संस्थान का नाम	अनुदान राशि (रू0 लाखों में)	अतिरिक्त अनुदान (रू0 लाखों में) एन.सी.सी. को एक चयनित विषय के रूप में प्रस्तावित करने के लिए क्रेडिट पॉइन्ट सहित	स्वशासी महाविद्यालयों को कुल अनुदान जिसमें एन.सी.सी. एक चयनित विषय के रूप में (रू0 लाखों में)
अ.	केवल स्नातक पूर्व			
	1. कला/विज्ञान/वाणिज्य केवल एक संकाय	9.00	1.00	10.00
	2. कला/विज्ञान/वाणिज्य एक से अधिक संकाय	15.00	1.00	16.00
ब.	स्नातक पूर्व एवं स्नातकोत्तर स्तरों के लिए			
	1. एकल संकाय	10.00	1.00	11.00
	2. बहु–संकाय	20.00	2.00	22.00

8. स्वशासी महाविद्यालय का अभिशासनः

अकादमिक, वित्तीय एवं सामान्य प्रशासन संबंधी मामलों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए महाविद्यालय में निम्न समितियाँ विद्यमान होंगीः–

निम्न निकाय सांविधिक हैं:–

- शासी निकाय
- अकादमिक परिषद
- अध्ययन बोर्ड
- वित्तीय समिति

(शासी निकाय, न्यास बोर्ड/प्रबंधन बोर्ड/कार्यकारी समिति/प्रबंधन समिति से पृथक है)

उपरोक्त समितियों का गठन एवं उनके प्रकार्य अनुलग्नक–III से VII में प्रस्तुत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में कुछ गैर–सांविधिक समितियाँ होंगी जैसे–नियोजन एवं मूल्यांकन समिति, शिकायत की अपील समिति, परीक्षा समिति, दाखिला समिति, पुस्तकालय समिति, छात्र कल्याण समिति, पाठ्येतर गतिविधि समिति एवं अकादमिक लेखा परीक्षा समिति

शासी निकाय:

इस निकाय का गठन, **अनुलग्नक–III** में दी गई संरचना अनुसार होगा।

अकादमिक परिषद:

अकादमिक परिषद समस्त अकादमिक मामलों के लिए उत्तरदायी होगी–यथा अकादमिक नीति का सृजन, पाठ्यक्रमों, विनियमों एवं पाठ्य विवरण आदि का अनुमोदन। परिषद सभी स्तरों पर संकाय को, तथा बाहर के विशेषज्ञों को, जिनमें विश्वविद्यालय एवं सरकार के प्रतिनिधि भी होंगे, उनकों संलिप्त करेगी। अकादमिक परिषद द्वारा लिए गए निर्णय, अकादमिक परिषद द्वारा अथवा विश्वविद्यालय के अन्य सांविधिक निकायों के द्वारा और अधिक अनुसमर्थन के लिए निर्भर नहीं होगी। अकादमिक परिषद का गठन एवं प्रकार्य **अनुलग्नक–IV** में दर्शाये गये हैं।

अध्ययन बोर्ड:

अध्ययन बोर्ड किसी भी स्वशासी महाविद्यालय की अकादमिक प्रणाली का आधारभूत घटक है। इसके प्रकार्यों में सम्मिलित हैं–विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यविवरण तैयार करना, समय–समय पर पाठ्यविवरणों का पुनरीक्षण एवं अद्यतन करना, नवीन अध्ययन पाठ्यक्रम प्रस्तावित करना, निरंतर आकलन के विस्तृत रूप को निर्धारित करना, सत्रीय प्रणाली के अंतर्गत परीक्षकों की चयनित सूची की अनुशंसा करना आदि। अध्ययन बोर्ड का गठन एवं उसके प्रकार्य **अनुलग्नक–V** में दिए गए हैं।

वित्तीय समितिः

वित्तीय समिति, वित्त संबंधी मामलों पर शासी निकाय को परामर्श प्रदान करेगी तथा वर्ष में दो बार बैठक करेगी। वित्तीय समिति का गठन एवं उसके प्रकार्य **अनुलग्नक– VI** में दर्शाये गए हैं।

9. पर्यवेक्षण/मूल्यांकन एवं अनुदान जारी करने की विधिः

स्वायत्तता का अधिकार एक बारगी सदा के लिए प्रदान नहीं किया जा सकता है। महाविद्यालय द्वारा निरंतर ही इसे अर्जित किया जाना चाहिए। स्वायत्तता का स्तर प्रारंभिक रूप में 6 वर्ष के लिए स्वीकृत किया जाएगा।

प्रत्येक स्वशासी महाविद्यालय अपनी अकादमिक परिषद की स्वीकृति से एक उपयुक्त तंत्र सूत्रबद्ध करेगा–जो कि उसके अकादमिक निष्पादन, मानको के सुधार का तथा स्वायत्तता को उपयोग करने के विस्तार एवं मात्रा का मूल्यांकन करेगा। स्व–मूल्यांकन वार्षिक आधार पर होगा। यूजीसी जैसा उपयुक्त समझे, स्वशासी स्तर का पुनरीक्षण किसी भी समय कर सकता है। तथापि छठे वर्ष में एक बाहरी मूल्यांकन होगा जिसके आधार पर स्वशासी स्तर की निरंतरता अथवा आहरण निर्धारित किया जाएगा।

अध्यक्ष, यूजीसी द्वारा गठित एक पुनरीक्षण समिति कुछ विशेषज्ञों सहित महाविद्यालयों का दौरा कर सकती है तथा निम्नवत स्वशासी महाविद्यालयों की कार्य शैली का पुनरीक्षण करने हेतु दौरा कर सकती हैः–

(1) 3 विशेषज्ञ जिनमें अध्यक्ष भी होंगे।
(2) सहसंबद्ध विश्वविद्यालय के एक नामित
(3) संबंद्ध राज्य सरकार का एक नामित
(4) यूजीसी अधिकारी (सदस्य सचिव)

किसी भी महाविद्यालय के एक स्वशासी महाविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठित किए जाने के समय एवं किसी भी स्वशासी महाविद्यालय की कार्यशैली के पुनरीक्षण के समय संबंद्ध राज्य सरकार से अपना व्यक्ति नामित करने का अनुरोध किया जाए। यदि किसी स्थिति में, इस आशय के पत्र के जारी करने के 90 दिनों के भीतर राज्य सरकार अपना नामित व्यक्ति उपलब्ध नहीं कराती है तो उपरोक्त समितियाँ पुनरीक्षण क्रिया द्वारा नवीन प्रतिष्ठान हेतु प्रक्रिया संपन्न करा सकती है। आयोग ने इसके साथ ही निर्णय लिया कि शासी निकाय में दो वर्षों तक सेवा प्रदान करने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा दो शिक्षक प्रतिनिधि नामित किए जाएँ।

स्वायत्तता की अवधि की समाप्ति के पश्चात यदि स्वशासी महाविद्यालयों का पनुरीक्षण विलम्बित हो गया है तो मौजूदा स्वशासी महाविद्यालयों को विपत्ति से बचाने के लिए, क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा ''लेखा'' अनुदान के रूप में दिये अनुदान का 80 प्रतिशत अनुदान जारी किया जाएगा।

और इसके साथ ही पुनरीक्षण रिपोर्ट में एवं स्वायत्तता के नवीकरण की स्थिति में वह

महाविद्यालय उस स्वायत्तता के साथ–साथ, लाभों की पात्रता चाहे वित्तीय हों अथवा अन्यथा हों जिसकी संकल्पना परियोजना के अंतर्गत की गई है–उनका लाभ उठाते रहेंगें जब तक कि सरकार अथवा मूल विश्वविद्यालय एक विशेष आदेश के तहत इस निरंतरता को आहरित न करे।

ऐसे स्वशासी महाविद्यालय जिनका सफलतापूर्वक पुनरीक्षण पहले तीन बार किया जा चुका है (18 वर्ष) तथा जिन्होंने एन.ए.ए.सी. के न्यूनतम 'बी' ग्रेड के अंक निरंतर अर्जित किए हैं (2.5 की सी.जी.पी. सहित) उन्हें समिति के उस अधिदेशात्मक दौरे से मुक्त रखा जाएगा जो स्वशासी महाविद्यालय स्तर के विस्तारण हेतु आवश्यक है। एक बार यदि वे उपरोक्त मानदण्ड पूरा कर लेते हैं तो ऐसे महाविद्यालय अपेक्षित सूचना प्रदान करेंगें (प्रारूप के अनुसार) तथा आयोग द्वारा स्वतः ही विस्तारण पर विचार किया जाएगा।

समस्त स्वशासी महाविद्यालयों के लिए आवश्यक है कि वे अपनी वेबसाइट पर, उपलब्ध कराए गए पाठ्यक्रम, संकाय, अवसंरचना की उपलब्धता, दाखिले का विवरण आदि की सूचना को अपलोड करें।

किसी भी स्वशासी महाविद्यालय के मानकों में गिरावट होने के साक्ष्य की उपलब्धता की स्थिति में, यह यूजीसी के लिए एवं विश्वविद्यालय के लिए स्वतंत्रता होगी कि वे सावधानीपूर्ण जाँच के पश्चात एवं पारस्परिक परामर्श तथा प्रबंधन को उचित नोटिस द्वारा उस महाविद्यालय का स्वशासी स्तर आहरित कर सकते हैं। ऐसे मामलों में ऐसे छात्र जिन्हें स्वशासी स्तर के अंतर्गत प्रवेश दिया गया था उन्हें स्वशासी स्तर के अंतर्गत पाठ्यक्रम पूरा करने की अनुमति होगी।

यूजीसी द्वारा स्वायत्तता अनुदान जारी करने की विधिः

निर्धारित अवधि के भीतर स्वायत्तता का लाभ उठाने वाले स्वशासी महाविद्यालयों को स्वायत्तता अनुदान जारी करने की विधि निम्नवत हैः

1. किसी भी स्वशासी महाविद्यालय द्वारा अपनी वित्त समिति की बैठक प्रति वर्ष अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में करनी चाहिए, जिसमें गत वर्ष के स्वायत्तता अनुदान की उपयोगिता की स्थिति पर विचार विमर्श करा जाए, तथा अगले वर्ष के स्वायत्तता अनुदान संबंधी बजट पर चर्चा की जानी चाहिए। वित्त समिति द्वारा इस बैठक में बजट के अंतिम रूप को विधिवत स्वीकृति प्रदान की जानी चाहिए।
2. केवल ऐसे मद ही सम्मिलित किए जाने चाहिए जो इन दिशानिर्देशों की धारा 7 के अनुसार अनुमित हैं। उपयोगिता की दृष्टि से इन मदों के अतिरिक्त अन्य कोई व्यय स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. वित्त समिति द्वारा अनुमोदित एवं तैयार किया गया बजट अंतिम स्वीकृति हेतु शासी निकाय के समक्ष प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल से पूर्व प्रस्तुत किया जाएगा।

4. वित्त समिति एवं शासी निकाय द्वारा विधिवत अनुमोदित बजट को यूजीसी के संबंद्ध क्षेत्रीय कार्यालय को 30 अप्रैल अथवा इससे पूर्व प्रस्तुत किया जाना चाहिए। यदि किसी अपरिहार्य कारणों से शासी निकाय की बैठक 30 अप्रैल से पूर्व नहीं हो पाती है तो शासी निकाय के सदस्य सचिव होने की हैसियत से प्राचार्य, शासी निकाय के अध्यक्ष की अनुमति से बजट को संबंद्ध क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं।

नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करने से संबंद्ध सामान्य बातें:

कोई भी स्वशासी महाविद्यालय, विश्वविद्यालय की पूर्वानुमति के बिना डिप्लोमा (स्नातकपूर्व एवं स्नातकोत्तर) अथवा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए स्वतंत्र है। डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र महाविद्यालय की सील के अंतर्गत जारी किए जाएँगें।

कोई भी स्वशासी महाविद्यालय, उस महाविद्यालय की अकादमिक परिषद की अनुमति से नए डिग्री अथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए स्वतंत्र है। जहाँ तक घंटों की संख्या पाठ्यचर्या विषयवस्तु एवं मानकों का संबंध है, ऐसे पाठ्यक्रमों के अंतर्गत, विश्वविद्यालय/यूजीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों की पूर्ति की जाएगी तथा इस विषय में इन पाठ्यक्रमों के बारे में विश्वविद्यालय को विधिवत सूचित किया जाएगा।

कोई भी स्वशासी महाविद्यालय, यूजीसी विनियमों के अनुसार तथा महाविद्यालय की अकादमिक परिषद की अनुमति से किसी भी मौजूदा पाठ्यक्रम का पुर्नगठन/पुनः रूपांकन करके उसे नया नाम प्रदान कर सकता है। ऐसी कार्रवाइयों की सूचना विधिवत उस विश्वविद्यालय को दी जानी चाहिए ताकि वह पुरानी डिग्रियों के स्थान पर नई डिग्रियाँ प्रदान कर सके।

किसी भी स्वशासी महाविद्यालय के समस्त नवीन पाठ्यक्रमों का पुनरीक्षण करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास होना चाहिए। जहाँ पर भी मानकों अथवा गुणवत्ता में गिरावट होने का साक्ष्य मिले, तो विश्वविद्यालय सूक्ष्म रूप से जाँच पड़ताल करके तथा यूजीसी से परामर्श के पश्चात या तो उनको संशोधित करे–अथवा यथासंभव ऐसे पाठ्यक्रमों को निरस्त कर दे।

मूल विश्वविद्यालय के माध्यम से डिग्रियाँ प्रदान करना:

मूल विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों को डिग्रियाँ प्रदान करेगा जिनका आकलन एवं जिनकी अनुशंसा स्वशासी महाविद्यालय द्वारा की गई है। डिग्री प्रमाण पत्र ऐसे सामान्य प्रारूप में होंगें जिनकी अभिकल्पना विश्वविद्यालय द्वारा की गई है। यदि ऐसी इच्छा की गई तो महाविद्यालय का नाम डिग्री प्रमाणपत्र में उल्लिखित किया जाएगा। तीन सत्रों की पूर्ति कर लेने वाले स्वशासी महाविद्यालय अपने शीर्षक के अंतर्गत तथा महाविद्यालय की सील सहित डिग्री प्रदान कर सकते हैं।

10. स्वशासी महाविद्यालय के विशिष्ट लक्षणः

नवीन पाठ्यक्रम प्रारंभ करना

कोई भी स्वशासी महाविद्यालय, विश्वविद्यालय की पूर्वानुमति के बिना डिप्लोमा, (स्नातक पूर्व एवं स्नातकोत्तर) अथवा प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिए स्वतंत्र है। डिप्लोमा एवं प्रमाण पत्र उस महाविद्यालय की सील के अंतर्गत जारी किए जाएँगे।

कोई भी स्वशासी महाविद्यालय कोई नवीन डिग्री अथवा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम को अकादमिक परिषद की अनुमति से प्रारंभ करने के लिए स्वतंत्र है। जहाँ तक घंटों की संख्या, पाठ्यचर्या विषयवस्तु एवं मानकों का संबंध है, ऐसे पाठ्यक्रमों के अंतर्गत विश्वविद्यालय/यूजीसी द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों की पूर्ति की जानी चाहिए तथा इन पाठ्यक्रमों के बारे में विश्वविद्यालय को विधिवत सूचित किया जाएगा।

कोई भी स्वशासी महाविद्यालय किसी मौजूदा पाठ्यक्रम को महाविद्यालय अकादमिक परिषद एवं यूजीसी विनियमों के अनुसार, पुनः संरचित रूपांकित करके इसका नया नामकरण कर सकता है। इस नवीन शब्दावली को यूजीसी द्वारा यूजीसी अधिनियम 22 के अंतर्गत विशिष्ट रूप से व्यक्त किया जाना चाहिए। इस सब कार्रवाइयों की विधिवत सूचना विश्वविद्यालय को दी जानी चाहिए ताकि वह पुरानी डिग्रियों के स्थान पर नवीन डिग्रियाँ प्रदान करें।

स्वशासी महाविद्यालय के सभी नवीन पाठ्यक्रमों के पुनरीक्षण का अधिकार विश्वविद्यालय को होना चाहिए। जहाँ पर भी मानकों अथवा गुणवत्ता में गिरावट नजर आए तो सावधानीपूर्वक जाँच पड़ताल एवं यूजीसी के परामर्श से या तो उन्हें संशोधित करे–जहाँ तक संभव हो–अथवा ऐसे पाठ्यक्रमों को निरस्त कर दें।

स्वशासी महाविद्यालय द्वारा किसी नवीन पाठ्यक्रम को प्रस्तावित करने की विधिः

सोपान 1

महाविद्यालय के संबंद्ध विभाग द्वारा नवीन पाठ्यक्रम प्रस्तावित करने के विचार की संकल्पना की जानी चाहिए तथा उस विषय के अध्ययन बोर्ड की बैठक में इस पर गहन चर्चा की जानी चाहिए। ऐसे विचार को अध्ययन बोर्ड एक प्रस्ताव के रूप में सूत्रबद्ध करेगा जिसमें समस्त विवरण होगा, जैसे कि उद्देश्य, पात्रता, पाठ्यक्रम की विषयवस्तु एवं शुल्क संरचना। ऐसे प्रस्ताव को अकादमिक परिषद को अग्रेषित किया जाएगा। ऐसा प्रस्ताव एक अध्यादेश के स्वरूप वाला होगा।

सोपान 2

ऐसे प्रस्ताव पर अकादमिक परिषद अपनी बैठक में चर्चा करेगी तथा इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करेगी। यदि उनके विचार से प्रस्ताव उपयुक्त है। अकादमिक परिषद को अधिकार होगा कि वह प्रस्ताव को सुधार/संशोधन हेतु अध्ययन बोर्ड को भेज दें अथवा उचित तर्कों के आधार पर प्रस्ताव को अस्वीकार भी कर सकती है। आवश्यक संशोधनों के पश्चात प्रस्ताव को अकादमिक परिषद के पास पुनः विचारण हेतु दोबारा प्रस्तुत किया जा सकता है।

सोपान 3

अकादमिक परिषद द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव को अंततः उस महाविद्यालय के शासी निकाय को अंतिम स्वीकृति एवं उस प्रस्ताव के क्रियान्वयन हेतु भेजा जा सकता है।

सोपान 4

महाविद्यालय के शासी निकाय द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव को स्वशासी महाविद्यालय सूचनार्थ विश्वविद्यालय को भेजेगा।
विश्वविद्यालय, उस प्रस्ताव में विद्यमान बातों के विषय में महाविद्यालय से स्पष्टीकरण माँग सकता है। वह महाविद्यालय, इस शर्त पर कि विश्वविद्यालय ऐसे नवीन प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के अंतर्गत डिग्री प्रदान करने के लिए छात्रों को अपनाएगा–ऐसा स्पष्टीकरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

11. सांविधिक निकायों की बैठकें:

पर्याप्त तैयारी एवं सुविस्तृत भागीदारी युक्त चर्चाओं के पश्चात ही नवीन पाठ्यक्रम प्रस्तावित करने का क्रियान्वयन होना चाहिए।

- अगले अकादमिक सत्र में प्रस्तावित किये जाने वाले किसी पाठ्यक्रम की तैयारी पूर्ववर्ती सत्र के अक्टूबर माह की अध्ययन बोर्ड की बैठकों के साथ प्रारंभ की जानी चाहिए।
    - अकादमिक परिषद की बैठक दो बार होनी चाहिए–पहली बार यह जनवरी के माह में हो जिसमें अगले अकादमिक सत्र के प्रस्तावों पर चर्चा की जाए तथा पुनः अगस्त माह में होनी चाहिए जिसमें नए प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की स्थिति का सर्वेक्षण किया जाए। गुणवत्ता विनियमों को अनुरक्षित करने के तरीकों का अकादमिक परिषद सुझाव देगी।
    - शासी निकायों की बैठकें, अकादमिक परिषद की बैठकों के अनुसरण में होनी चाहिए। अगस्त माह में शासी निकाय द्वारा स्वायत्तता निधि जिसमें यूजीसी से प्राप्त स्वायत्तता अनुदान भी शामिल हो–उसके बजट को पारित करना चाहिए।

- किसी भी वित्तीय वर्ष में वित्त समिति की बैठक न्यूनतम दो बार होनी चाहिए। यह बैठकें प्रत्येक वर्ष के अप्रैल एवं सितम्बर माह में संचालित की जा सकती हैं। अप्रैल की बैठक स्वायत्तता अनुदान की बजट बैठक होगी तथा सितम्बर माह में एक और बजट बैठक होगी जो ऐसे स्वायत्तता निधि से संबंद्ध होगी–जिसे परीक्षा एवं अन्य सापेक्ष शुल्क के माध्यम से निर्मित किया गया है।

12. परीक्षा प्रकोष्ठ एवं प्रणाली

स्वशासी महाविद्यालय में एक परीक्षा प्रकोष्ठ होगा जिसका नेतृत्व उस परीक्षा नियंत्रक द्वारा किया जाएगा जो स्थायी संकाय सदस्य होगा, जिसे उस व्यक्ति की क्षमता के आधार पर प्राचार्य द्वारा नामित किया गया हो। महाविद्यालय के प्राचार्य, परीक्षाओं के प्रमुख नियंत्रक होंगे।

महाविद्यालय के प्राचार्य की अनुमति से परीक्षा नियंत्रक (पु/म) अपने दल का निर्माण करेंगे। इस दल में उप–नियंत्रक/सहायक नियंत्रक सम्मिलित होंगे तथा नामित किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, परीक्षा प्रकोष्ठ में विद्यमान कार्य की मात्रा पर निर्भर करेगी। महाविद्यालय में सेवारत शिक्षक, परीक्षा प्रकोष्ठ में 3 वर्ष की अवधि के लिए नामित किए जाएँगे। अध्यापन का जो कार्य महाविद्यालय द्वारा अनुसूचित किया गया है वे शिक्षक उसे निरंतर संपन्न करते रहेंगें।

इस कार्य के लिए कार्यालय सहायकों, कंप्यूटर प्रोग्रामर्स, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर्स एवं अन्य सहायक जो स्वशासी प्रकोष्ठ में हैं–का दल होगा।

प्रश्नपत्रों एवं अन्य सापेक्ष गोपनीय सामग्री के प्रकाशन के लिए परीक्षा प्रकोष्ठ में उपयुक्त प्रकाशन एकांश भी होगा।

परीक्षा प्रकोष्ठ के समस्त अंशकालिक/पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं को अपने सामान्य कार्यों के अतिरिक्त अन्य कार्य निष्पादित करने के लिए मानदेय दिया जाएगा। ऐसे मानदेय को वित्त समिति द्वारा प्रस्तावित किया जाएगा तथा शासी निकास इसे स्वीकृति प्रदान करेगा।

वित्त समिति की अनुशंसा के आधार पर शासी निकाय अनुबन्धात्मक आधार पर परीक्षा प्रकोष्ठ में पूर्ण कालिक स्टाफ की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान कर सकता है। ऐसे स्टाफ के वेतन का निर्णय भी उसी तंत्र द्वारा किया जाएगा।

आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा द्वारा छात्रों का निरंतर विस्तृत आकलन किया जाएगा। न्यूनतम दो आंतरिक परीक्षाएँ प्रति सत्र की जाए एवं एक सत्रान्त परीक्षा भी संचालित की जानी चाहिए।

छात्रों को रटी–रटायी अधिगम से मुक्त करने के उद्देश्य से आंतरिक आकलन के विभिन्न तंत्रों को अपनाया जाना चाहिए जैसे कि सामूहिक चर्चा, प्रपत्र पाठन, गृह–कार्य एवं मौखिक साक्षात्कार।

परीक्षा कार्य के लिए मुआवजे का निर्णय वित्त समिति को लेना चाहिए तथा इसे शासी निकाय द्वारा स्वीकृति दी जानी चाहिए। परंतु किसी भी स्थिति में यह मूल विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही राशि से कम नहीं होना चाहिए।

13. डिग्रियाँ प्रदान करना:

मूल विश्वविद्यालय द्वारा

- स्वशासी महाविद्यालयों द्वारा आकलन एवं अनुशंसा किए गए छात्रों को मूल विश्वविद्यालय द्वारा डिग्रियाँ प्रदान की जाएँगी। डिग्री प्रमाण पत्र, विश्वविद्यालय द्वारा अभिकल्पित प्रारूप में ही होंगी। यदि वांछित हुआ तो डिग्री प्रमाण पत्र में महाविद्यालय का नाम को दर्शाया जाएगा।

14. कुछ सामान्य बातें:

- अध्यापन स्टाफ की समस्त भर्ती शासी निकाय द्वारा/राज्य सरकार द्वारा, यूजीसी एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार की जाएगी।
- स्वशासी महाविद्यालयों के छात्रों को उच्च स्तरीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय छात्रों के आंतरिक एवं बाह्य आकलन को विचाराधीन रखेंगे।
- महाविद्यालयों में अनवरत–शिक्षा विभागों के अंतर्गत विशेष आवश्यकता आधारित लघु–अवधि पाठ्यक्रम किसी भी स्वशासी महाविद्यालय की एक महत्वपूर्ण गतिविधि हो सकती है। ऐसे पाठ्यक्रमों द्वारा महाविद्यालय के छात्रों साहित बाहरी छात्र जो उनमें नामांकन के इच्छुक हैं वे सभी लाभान्वित होंगें।
- जैसा कि आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है, शिक्षकों द्वारा योजनाओं एवं विस्तार कार्य में लगाये गये समय को उनके कार्यभार के परिगणन हेतु शामिल किया जाएगा।
